आईआईएम रांची में मना महिला दिबस

आईआईएम में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति पर दिया गया जोर

आईआईएम में शुक्रवार को महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची में महिला दिवस पर शुक्रवार को महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने और लैंगिक समानता के महत्व पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। आईआईएम रांची की आंतरिक शिकायत समिति की सदस्य डॉ शिल्पी दासगुप्ता ने लैंगिक समानता की दिशा में निरंतर प्रगति की आवश्यकता पर जोर दिया।

डॉ मनीषा उरांव ने सामाजिक उद्यमों के संदर्भ में महिला उद्यमिता की गतिशीलता पर बात की। ग्रामीण आजीविका और महिला उद्यमिता पर केंद्रित सामाजिक उद्यम अविका की संस्थापक मालविका शर्मा ने 1,350 से अधिक ग्रामीण महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के अनुभव साझा किए।

Hindustan_09.03.2024_Pg. 06

महिलाओं की उपलब्धियों व लैंगिक समानता पर चर्चा

जासं, रांची : भारतीय प्रबंधन संस्थान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। आंतरिक शिकायत समिति (आइसीसी) व लिंग संवेदीकरण समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डा. मनीषा उरांव व मालविका शर्मा ने की। महिलाओं की उपलब्धियों व लैंगिक समानता के महत्व पर चर्चा की गई। आइसीसी सदस्य मालविका शर्मा ने कहा कि लैंगिक समानता की दिशा में निरंतर प्रगति की आवश्यकता है। दंत चिकित्सक डा. मनीषा उरांव ने महिला उद्यमिता की गतिशीलता पर प्रकाश डाला। मालविका शर्मा ने 1350 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में अपने अनुभव साझा किए।

Dainik Jagran_09.03.2024_Pg. 06

आइआइएम रांची में मना महिला दिवस

रांची. आइआइएम रांची में शुक्रवार को महिला दिवस मना. संचालन इंटरनल कंप्लायंट्स और जेंडर सेंसेटाइजेशन कमेटी के सहयोग से हुआ. मुख्य अतिथि डॉ मनीषा उरांव और मालविका शर्मा थीं. इस अवसर पर वक्ताओं ने उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते कदम की सराहना की. उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों के सहयोग से सकारात्मक सामाजिक बदलाव देखे जा रहे हैं. इससे शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण विकास संभव हो रहा है. वक्ताओं ने उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता और करियर विकल्प पर चर्चा की. इस अवसर पर आइसीसी सदस्य डॉ शिल्पी दास गुप्ता और डॉ प्रीति राय समेत अन्य मौजूद थे.

Prabhat Khabar_09.03.2024 _Pg. 11